www.mpboardonline.com

अर्धवार्षिक परीक्षा 2015–16

कक्षा – आठवीं

विषय – हिन्दी

समय : 2½ घण्टा | पूर्णांक : 50

प्र.1 निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए।

1. प्रकृति का सुकुमार कवि कहा जाता है।

   क. जयशंकर प्रसाद   ख. सुमित्रानन्दन पन्त

   ग. सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला   घ. महादेवी वर्मा

2. मुण्डा समाज के आराध्य देव 'सिंग' का अर्थ है।

   क. सिंह   ख. सींग   ग. सूर्य

3. ताना जी के छोटे भाई का नाम था।

   क. आर्या   ख. सूर्या

   ग. जयसूर्या   घ. आचार्य

4. लक्ष्य वेध का एक ही उपाय बताया गया है?

   क. लक्ष्य में तत्परता   ख. लक्ष्य में एकाग्रता

   ग. लक्ष्य में एकनिष्ठता   घ. लक्ष्य में तन्मयता

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

1. चैती चाँद पर्व भगवान .... की जयंती के रूप में मनाते है।

2. .... के कारण ओझा लोगों का काम चोपट हो रहा था।

3. प्रत्येक चार वर्ष बाद अतिरिक्त माह को ....माह कहते है।

4. नवरात्रि बासंतीय ....माह में तथा नवरात्रि शारदीय ....माह में आती है।

5. बहुत अधिक फूल खिलने के कारण पटना का नाम .... भी था।

www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।

1. सावन में मंगल गीत कौन गाता है?
2. बिरसा रोगियों का उपचार कैसे करते है?
3. अमृता देवा का नारा क्या था?
4. लेखक ने लक्ष्यवेध का मूल मंत्र किसे माना है?
5. वृद्धा सेठ जी से क्या माँगने गई थी?

प्र.4 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए।

1. ''सेठ याचक था और वह दाता'' इस वाक्य का आशय स्पष्ट कीजिए?
2. विक्रम संवत् के अनुसार वर्ष के महीनों के नाम लिखिए?
3. धन पाकर हमें अभिमान क्यों नहीं करना चाहिए?
4. अमृता देवी व अन्य शहीदों से आपको क्या प्रेरणा मिलती है?
5. ''तलवार सोई है'' से क्या आशय है?

प्र.5 निम्नलिखित पंक्तियों का संदर्भ सहित अर्थ लिखिए।

लहू देंगे मगर इस देश की माटी नहीं देंगे।
किसी लोलुप नजर ने यदि हमारी मुक्ति को देखा
उठेगी तब प्रलय की आग जिस पर क्षार सोई।

अथवा

सबद सुनै सब कोय, कोकिला सबै सुहाबन।
दोऊ को रंग एक, काग सब भए अपावन।।

प्र.6 किसी एक लेखक का परिचय लिखिए।

1. रवीन्द्रनाथ ठाकुर
2. श्री रामनाथ सुमन

अथवा

1. गिरधर कविराय
2. सुमित्रा नन्दन पन्त

www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

प्र.7 मुहावरों का अर्थ लिखक वाक्य प्रयोग कीजिए। **(2)**

1. आस्तीन का साँप
2. आँखे दिखाना
3. कलेजे़ पर साँप लोटना
4. आकाश से बाते करना

प्र.8 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए।

1. अधिक बोलने वाला
2. भगवान के चक्र का नाम
3. थल में रहने वाला
4. जिसकी इच्छा बहुत ऊंची हो
6. जिसका आकार न हो

प्र.9 निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह करके समास का नाम लिखिए।

1. जीवन वृत्त, शैशवकाल, शंखनाद, जड़ी–बूटी, बहला–फुसला

प्र.10 नीचे दिए गए गद्यांश में विराम चिन्ह लगाइए।

(, । ; ‘‘ ’’ ?)

किसी ने कहा वह वृक्ष की पतली टहनी है उस पर लाल रंग की चिड़िया बैठी है उसकी आँख दिखाई दे रही है किसी ने कहा मुझे चिड़िया दिखाई देती है और उसकी आँख में मैं निशाना लगा रहा हूँ।

प्र.11 नीचे दिए गए गद्यांशों को पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

‘‘अन्याय का अन्त, और प्रेम से ही हो सकता है। अन्याय की प्रतिक्रिया यदि अन्यायपूर्वक की जाए तो अन्याय का ही आदान प्रदान होता है, जो स्थायी संघर्ष तथा भेदभाव का ही पोषण करना है। इस कारण अन्याय का उत्तर न्याय और प्रेम से ही देना है, किन्तु इसका अर्थ यह नही है। कि अपने प्रति अन्याय करने वाले में अपने से अधिक बल है तो उसके मन की बात पूरी करने के लिए अपने मन को दबा ले अथवा बदल दे अन्यायकर्ता कितना ही सजल हो उससे भयभीत न हों। हमें उसके अन्यायपूर्ण प्रस्ताव को स्वीकार नहीं करना है। भले ही प्राणों की आहुति देनी पड़े।

www.mpboardonline.com

www.mpboardonline.com

1. उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए?
2. अन्याय का अन्त किस प्रकार किया जा सकता है?
3. उपर्युक्त गद्यांश से क्या शिक्षा मिलती है?

प्र.12 अपने क्षेत्र में लाउड स्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रद्रषण को रोकने के लिए एक शिकायती पत्र जिला कलेक्टर को लिखिए।

अथवा

मित्र को सफलता के लिए बधाई–पत्र

प्र.13 किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए।

1. पुस्तकालय का महत्तव
2. विद्यार्थी और अनुशासन
3. विज्ञान के चमत्कार

www.mpboardonline.com